झारखण्ड विधान सभा

तारांकित प्रश्नों की सूची

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
चतुर्थ सत्र
वर्ग–2

निम्नलिखित तारांकित प्रश्न, मंगलवार, दिनांक 01 पौष, 1937 (श0) / 22 दिसम्बर,2015 (ई0) को

झारखण्ड विधान सभा के आदेश– पत्र पर अंकित रहेंगे :–

क्र0सं0	विभागों को भेजी गई सां संख्या	सदस्यों का नाम	संक्षिप्त विषय	संबंधित विभाग	विभाग को भेजी गई तिथि
1	2	3	4	5	6
26	उत–06	श्री जानकी प्रसाद यादव	इंटर महाविद्यालय बनाना ।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा।	14.12.15
27	वन–01	श्री जयप्रकाश भाई पटेल	वन रोपन संरक्षण की जानकारी देना।	वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन	14.12.15
28	टन–07	श्री जयप्रकाश सिंह भोक्ता	पर्यटन सुविधा उपलब्ध कराना ।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	14.12.15
29	शि–19	श्रीमती गंगोत्री कुजूर	विद्यालय को स्थापित करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
30	उत–08	श्री साधु चरण महतो	छात्रावास का निर्माण ।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा	14.12.15
31	शि–03	श्री योगेन्द्र प्रसाद	अंशकालीन शिक्षकों का भुगतान करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	10.12.15
32	ख–01	श्री फूलचन्द मण्डल	खनन् पट्टा मुहैया कराना	खनन् एवं भूतत्व	14.12.15
33	उत–01	श्री कुणाल षड़ंगी	महिला महाविद्यालय प्रारंभ करना	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा	14.12.15
34	उत–05	श्रीमती गीता कोड़ा	दोषियों पर कार्रवाई।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा।	14.12.15
35	शि–11	श्री जानकी प्रसाद यादव	पारा शिक्षकों का सरकारीकरण ।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
36	शि–09	श्री अरूप चटर्जी	उच्चस्तरीय समिति से जाँच कराना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15

1	2	3	4	5	6
37	टन–03	श्री जयप्रकाश भाई पटेल	प्रखण्ड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण ।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य	14.12.15
38	शि–08	श्री निर्भय कु0शाहाबादी	प्रबंधकों पर कार्रवाई करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
39	टन–08	श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता	पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य	14.12.15
40	शि–05	श्री दशरथ गागराई	विद्यालय भवन का सुदृढ़िकरण ।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
41	उत–04	श्री राजकुमार यादव	महिला कॉलेज खोलना ।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा।	14.12.15
42	शि–12	श्री संजीव सिंह	विद्यालय को विकसित करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
43	वन–02	श्री ताला मराण्डी	प्रदूषण नियंत्रण हेतु कार्रवाई करना।	वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन	14.12.15
44	वन–03	श्री साधु चरण महतो	मुआवजा का भुगतान।	वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन	14.12.15
45	शि–10	श्री आलमगीर आलम	मानदेय देना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
46	उत–03	श्री आलोक कु0चौरसिया	दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा	14.12.15
47	उ–01	श्री शिवशंकर उराँव	मध्य एवं छोटे उद्योगों की स्थापना।	उद्योग सुधार तथा राजभाषा	14.12.15
48	शि–18	श्री पौलुस सुरीन	विद्यालय को +2 में उत्क्रमित करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
49	शि–07	प्रो0 स्टीफन मराण्डी	वित्त सहायता प्रदान करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
50	शि–04	श्री रामकुमार पाहन	शिक्षकों की व्यवस्था।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	10.12.15
51	ख–03	श्री ताला मराण्डी	व्यय की जानकारी देना।	खान एवं भूतत्व	14.12.15
52	शि–15	श्री जयप्रकाश सिंह भोक्ता	शिक्षकों की नियुक्ति।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
53	टन–04	श्री राज् सिन्हा	स्पॉटस कम्पलेक्स का निर्माण।	पर्यटन,कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	14.12.15
54	शि–17	श्रीमती निर्मला देवी	टेट पास का रिजल्ट प्रकाशित करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
55	टन–05	श्री दशरथ गागराई	सामुदायिक भवन का निर्माण।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	14.12.15
56	उ–02	श्री रामकुमार पाहन	लघु उद्योग की स्थापना।	उद्योग	14.12.15
57	टन–06	श्री सत्येन्द्र नाथ तिवारी	पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	14.12.15

कृ0पृ0उ0

1	2	3	4	5	6
	58–उत–02	श्री अनन्त कुमार ओझा	मॉडल महाविद्यालय की स्थापना ।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा	14.12.15
	59–शि–13	श्री नागेन्द्र महतो	स्कूल भवन का निर्माण ।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
	60–ख–02	श्री प्रकाश राम	बाक्साईट खनन् समस्या का निदान करना।	खान एवं भूतत्व	14.12.15
	61–उ–03	श्री जगरनाथ महतो	कल कारखाना की स्थापना।	उद्योग	14.12.15
	62–उत–07	श्रीमती विमला प्रधान	शिक्षा की व्यवस्था करना।	उच्च एवं तकनीकि शिक्षा	14.12.15
	63–शि–14	श्री विकास कुमार मुण्डा	लंबित वेतन का भुगतान।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
	64–शि–16	प्रो0 जयप्रकाश वर्मा	शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
	65–टन–02	श्री मनोज कुमार यादव	स्टेडियम का पूर्ण निर्माण कराना ।	पर्यटन,कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	10.12.15
	66–टन–01	श्री मनोज कुमार यादव	स्टेडियम का निर्माण।	पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य	10.12.15
	67–शि–01	श्री फूलचन्द मण्डल	वेतन का भुगतान।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	10.12.15
	68–शि–06	श्री जगरनाथ महतो	सरकारी शिक्षक बहाल करना।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता	14.12.15
	69–शि–02	श्री चम्पाई सोरेन	शिक्षकों की पदोन्नति।	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता।	10.12.15

रांची
दिनांक–22 दिसम्बर,2015 (ई0)।

बिनय कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

ज्ञाप संख्या– (प्रश्न–03/2015– 3134 /वि0स0,रांची,दिनांक– 21/12/2015

प्रतिलिपि :– झारखण्ड विधान सभा के माननीय सदस्यगण/मा0 मुख्यमंत्री/ मा0 मंत्रिगण/मा0 संसदीय कार्य मंत्री/ मा0 नेता प्रतिपक्ष, झारखण्ड विधान सभा/मुख्य सचिव तथा मा0 राज्यपाल के प्रधान सचिव/लोकायुक्त के आप्त सचिव एवं झारखण्ड सरकार के सभी विभागों के सचिवों को सूचनार्थ प्रेषित।

21/12/15
(संजय कुमार)
अवर सचिव,झारखण्ड विधान सभा,रांची।

ज्ञाप संख्या– प्रश्न–03/2015– 3134 /वि0स0,रांची,दिनांक– 21/12/2015

प्रतिलिपि :– माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव/आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय/अपर सचिव (प्रश्न)/संयुक्त सचिव (प्रश्न) झारखण्ड विधान सभा को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय/प्रभारी सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

21/12/15
अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा,रांची।

ज्ञाप संख्या– प्रश्न–03/2015– 3134 /वि0स0,रांची,दिनांक– 21/12/2015

प्रतिलिपि :– कार्यवाही शाखा/आश्वासन समिति शाखा एवं वेबसाईट शाखा को सूचनार्थ प्रेषित।

21/12/15
अवर सचिव,झारखण्ड विधान सभा,रांची।

बहादुर /

(26)

3348

18/12/2015

श्री जानकी प्रसाद यादव, मा0स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या -उत-06

क्या माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक 10 किलो मीटर की दूरी पर एक इंटर महाविद्यालय खोले जाने का प्रावधान किया गया है।	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। राज्य सरकार द्वारा नीति निर्धारित की गयी है कि 7-8 किलोमीटर की परिधि में +2 विद्यालय की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।
2	क्या यह बात सही है कि कोडरमा जिलान्तर्गत राज्य संपोषित उच्च विद्यालय वर्षो पुराना विद्यालय है, और इंटर महाविद्यालय की सारी अर्हताएँ पूरी करता है।	उत्तर स्वीकारात्मक है।
3	क्या यह बात सही है कि इसके 25 किलोमीटर की परिधि में कोई भी इंटर महाविद्यालय नही है।	उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। प्रश्नाधीन विद्यालय से 17 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित +2 विद्यालय, जय नगर है।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार व्यापक लोकहित में परसाबाद राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय को इण्टर महाविद्यालय बनाना चाहती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत् भारत सरकार को 168 उच्च विद्यालयों को +2 उच्च विद्यालय के रूप में उत्क्रमित करने हेतु अप्रैल, 2015 में ही अनुरोध किया जा चुका है। 168 विद्यालयों में प्रश्नाधीन विद्यालय भी सम्मिलित है। विभागीय पत्रांक 549 दिनांक 03.12.2015 द्वारा जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर +2 विद्यालय की सुविधा प्राप्त कराने हेतु सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के आधार पर प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त +2 विद्यालय की सुविधा उपलब्ध कराने के क्रम में प्रश्नाधीन विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी 7-8 किलोमीटर की परिधि में +2 विद्यालय की सुविधा वित्तीय वर्ष 2016-17 में उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सकेगी।

सरकार के उप सचिव। 18/12/15

झारखंड–सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक–7/स.1वि.(i)–153/2015 3348 दिनांक 18/12/2015

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखंड विधानसभा सचिवालय, रांची को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

(27)

श्री जय प्रकाश भाई पटेल, मा०स० वि० स० द्वारा दिनांक 22.12.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–वन–01 का प्रश्नोत्तर

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष वन महोत्सव मनाने का उद्देश्य पौधा रोपण एवं वन संरक्षण संबंधी कार्य होता है	स्वीकारात्मक है।
(2) क्या यह बात सही है कि वन महोत्सव के नाम पर प्रतिवर्ष प्रत्येक जिलावार लाखों रुपये खर्च किया जाता है;	उत्तर आंशिक रुप से स्वीकारात्मक है। वन महोत्सव हेतु प्रत्येक प्रमंडल को वित्तीय वर्ष 2014–15 में 1.20 लाख रुपये एवं 2015–16 में 1.50 लाख रुपये दिये गये।
(3) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक जिला में सरकारी खर्च पर पौधा रोपण एवं वन संरक्षण संबंधी कार्य किया जाता है परंतु जमीन पर कोई भी खर्च नजर नहीं आता है,	अस्वीकारात्मक है।
(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रतिवर्ष जिलावार किये गये खर्चों एवं कार्यों का ब्यौरा देने का विचार रखती है, यदि तो कब तक, नही तो क्यों ?	सरकार द्वारा प्रमंडलवार गत दो वर्षों में वृक्षारोपण पर किये गये खर्चों एवं कार्यों का विवरण (अनु0–1) संलग्न है।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–5/विधानसभा अल्पसूचित प्रश्न–73/2015– 6405 वनम, राँची, दि०– 21/12/2015

प्रतिलिपि अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची को उनके ज्ञाप सं0–2955 दिनांक–14.12.2015 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार/मुख्य सचिव के सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21/12/15
(सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रमंडलवार रोपित पौधों की संख्या एवं व्यय की गयी राशि की विवरणी

क्र. सं.	वन प्रमण्डल (नाम)	रोपित पौधों की संख्या	माह 21 दिसम्बर, 2015 तक व्यय की गयी राशि
i	ii	iii	si
हजारीबाग रीजन			
1	चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल	293300	194.990
2	चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल	210000	171.638
3	हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल	260000	231.206
4	हजारीबाग पश्चिमी वन प्र0	310000	266.493
5	कोडरमा वन प्रमण्डल	426600	176.948
	कुल :–	**1499900**	**1040.275**
बोकारो रीजन			
1	गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल	263000	218.281
2	गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल	429600	246.530
3	धनबाद वन प्रमण्डल	310299	286.490
4	बोकारो वन प्रमण्डल	259000	233.508
5	रामगढ़ वन प्रमण्डल	259000	143.981
	कुल :–	**1520899**	**1128.789**
मेदिनीनगर, पलामू रीजन			
1	मेदिनीनगर वन प्रमण्डल	509300	408.535
2	गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल	155500	148.794
3	गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल	259000	198.750
4	लातेहार वन प्रमण्डल	408000	315.240
	कुल :–	**1331800**	**1071.319**
जमशेदपुर रीजन			
1	जमशेदपुर वन प्रमण्डल	478600	633.148
2	सरायकेला वन प्रमण्डल	575294	319.969
3	चाईबासा वन प्रमण्डल	291300	790.232
4	कोल्हान वन प्रमण्डल	5000	
5	पोड़ाहाट वन प्रमण्डल	5000	
	कुल :–	**1355194**	**1743.349**
दुमका रीजन			
1	दुमका वन प्रमण्डल	295300	236.759
2	देवघर वन प्रमण्डल	210000	161.957
3	गोड्डा वन प्रमण्डल	343300	239.084
4	जामताड़ा वन प्रमण्डल	130000	111.689
5	पाकुड़ वन प्रमण्डल	5000	76.336
6	साहेबगंज वन प्रमण्डल	67500	150.673
	कुल :–	**1051100**	**976.498**

क्र. सं.	वन प्रमण्डल (नाम)	रोपित पौधों की संख्या	माह 21 दिसम्बर, 2015 तक व्यय की गयी राशि
i	ii	iii	xi
राँची रीजन			
1	लोहरदगा वन प्रमण्डल	341427	146.147
2	गुमला वन प्रमण्डल	410000	205.741
3	सिमडेगा वन प्रमण्डल	576600	201.397
4	खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी	108000	73.079
5	राँची वन प्रमण्डल	509600	725.906
	कुल :–	**1945627**	**1352.270**
प्रसार वानिकी, द0छोटानागपुर, राँची			
1	सा0वा0 प्रमण्डल, हजारीबाग	261000	256.358
2	सा0वा0 प्रमण्डल, कोडरमा	351000	198.450
3	सा0वा0 प्रमण्डल, गढ़वा	361000	105.630
4	सा0वा0 प्रमण्डल, लातेहार	373600	148.145
	कुल :–	**1346600**	**708.584**
प्रसार वानिकी, संथाल परगना, दुमका			
1	सा0वा0 प्रमण्डल, दुमका	374600	218.784
2	सा0वा0 प्रमण्डल, देवघर	354000	129.075
	कुल :–	**728600**	**347.859**
प्रसार वानिकी, द0छोटानागपुर, राँची			
1	सा0वा0 प्रमण्डल, चाईबासा	257000	53.387
2	सा0वा0 प्रमण्डल, आदित्यपुर	258000	76.635
3	सा0वा0 प्रमण्डल, सिमडेगा	274600	101.256
4	सा0वा0 प्रमण्डल, राँची	378600	277.814
	कुल :–	**1168200**	**509.093**
1	वन संरक्षक, राज्य वन वृक्ष विज्ञानी, राँची	432500	263.002
2	वन संरक्षक, वनरोपण एवं शोध, राँची	35020	169.149
3	विश्व खाद्य कार्यक्रम प्रमण्डल, दुमका	255305	31.488
4	विश्व खाद्य कार्यक्रम प्रमण्डल, चाईबासा	250000	30.573
	कुल :–	**972825**	**494.212**
	सकल योग :–	**12920745**	**9372.247**

नोट :– वित्तीय वर्ष 2015–16 में राज्य योजना अन्तर्गत 245.00 करोड़ रुपये का योजना उदग्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 21 दिसम्बर, 2015 तक विभाग द्वारा विकास कार्यों पर 9372.247 लाख रुपये व्यय की गयी है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास,
झारखण्ड, राँची।

29

श्री जय प्रकाश सिंह भोगता, स०वि०स० द्वारा दिनांक 22.12.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या टन–07 का प्रश्नोत्तर :

	प्रश्न		उत्तर
	क्या मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–		मा० मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, राँची।
1.	क्या यह बात सही है कि जिला चतरा के प्रखण्ड हण्टरगंज में कौलेश्वरी मंदिर अवस्थित है;	1.	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है काफी दूर दूर से लोग इस मंदिर में दर्शन के लिए आते है;	2.	स्वीकारात्मक।
3.	क्या यह बात सही है कि आधार भूत सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के कमी के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;	3.	स्वीकारात्मक।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार आधारभूत सुविधा एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	4.	प्रश्नाधीन स्थल के संबंध में सरकारी आश्वासन संख्या–52/2014 एवं 194/2015 के अनुपालन के क्रम में उपायुक्त, चतरा से प्रश्नाधीन स्थल के पर्यटकीय विकास हेतु कुल रू० 93,19,300.00 का प्राक्कलन प्राप्त हुआ है। योजना स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है।

झारखण्ड सरकार
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,
(पर्यटन प्रभाग)

ज्ञापांक–पर्यटन/वि०स०/68/2015 2072 /राँची, दिनांक 21/12/15 /

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–2963/वि०स०, दिनांक–14/12/2015 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,

3356
18/12/2015

श्रीमती गंगोत्री कुजूर, मा०स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या -शि०-19

क्या माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि रांची जिलान्तर्गत लापुंग प्रखंड के अरमा लटमा बालिका उच्च विद्यालय जहाँ पूर्व में छात्राओं की संख्या काफी थी आज मात्र 6-7 छात्राएँ है, जिनकी प्रतिदिन उपस्थिति भयादोहन के कारण नही होती है। विद्यालय के शिक्षण कार्य के लिए सिर्फ प्रधानाध्यापिका है जिनका भी Retirement नजदीक है।	उत्तर स्वीकारात्मक है। परन्तु भयादोहन इसका कारण नहीं है।
2	यदि उपर्युक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पूर्ण सुविधा के साथ उक्त विद्यालय को लापुंग प्रखंड के ककरिया या लापुंग में स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, रांची को निदेशित किया गया है कि वे अपने स्तर से विद्यालय में स्वयं जाकर विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विद्यालय में पठन-पाठन सुनिश्चित कराकर अनुपालन प्रतिवेदन दें।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

झारखंड-सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-7/स.1वि.(i)-151/2015......3356....../ दिनांक 18/12/2015

प्रतिलिपि:- अवर सचिव, झारखंड विधानसभा सचिवालय, रांची को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

30

श्री साधू चरण महतो, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक-22.12.2015 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या उ०त०-08 31

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत डिग्री शिक्षण संस्थान का एकमात्र प्रतिष्ठान सिंहभूम कॉलेज चाण्डिल है?	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज में पठन-पाठन करने वाले छात्रों के लिए केवल एस०टी० हॉस्टल है जो जर्जर अवस्था में है। ओ०बी०सी० एवं जेनरल छात्रों के लिए कोई हॉस्टल नहीं है, जिस कारण छात्रों को पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है?	उत्तर स्वीकारात्मक है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र हित में सिंहभूम कॉलेज चाण्डिल में एक ओ०बी०सी० व जनेरल हॉस्टल बनवाने का विचार रखती है हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	वर्त्तमान में ओ०बी०सी० व जनेरल छात्रावास बनाने का कोई विचार नहीं है।

झारखण्ड सरकार
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 5/वि2-105/2015 2435 रांची दिनांक 21/12/15

प्रतिलिपिः-अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2992 दिनांक-14.12.2015 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/12/2015

अवर सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
झारखण्ड, राँची।

(31)

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री योगेन्द्र प्रसाद, स.वि.स. से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–शि 03

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	डॉ0 नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि राँची जिला के अंतर्गत कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में कक्षा–6 से 8 तक तथा कक्षा–9 से 10 तक प्रति कार्य दिवस में 200 रुपये अंशकालीन शिक्षकों/शिक्षिकाओं को भुगतान किया जाता है;	आंशिक स्वीकारात्मक। राँची जिला के कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कक्षा–6 से 8 के अंशकालिक शिक्षिक को प्रति कार्य दिवस रू. 200/– की दर से अधिकतम रू. 5000/–प्रतिमाह दिये जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार कक्षा 9 से 10 के शिक्षकों को रू. 150/– प्रति घंटी अधिकतम 3 घंटी प्रतिदिन के दर से एक माह में अधिकतम 22 दिनों के मानदेय का भुगतान किया जा सकता है।
2.	क्या यह बात सही है कि कक्षा–11 से 12 तक प्रति कार्य दिवस में 200 रुपये अंशकालीन शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का भुगतान किया जाता है तथा अधिक विषय पढ़ाने पर 300 रुपये भुगतान किया जाता है;	अस्वीकारात्मक। कक्षा–11 से 12 के शिक्षक/ शिक्षिका को भी रू. 150/– प्रति घंटी अधिकतम 3 घंटी प्रतिदिन के दर से एक माह में अधिकतम 22 दिनों के मानदेय का भुगतान किया जा सकता है।
3.	क्या यह बात सही है कि बोकारो जिले के अंतर्गत कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तथा 9 एवं 11 से 12 तक प्रति कार्य दिवस में 100 रुपये अंशकालीन शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को दिये जाते है;	स्वीकारात्मक।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार राँची जिले के कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालयों की तरह प्रति	पूरे राज्य में एक समान दर से अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका को मानदेय के भुगतान हेतु कार्रवाई की जायेगी।

	कार्य दिवस में जितने राशि भुगतान किया जाता है उतना ही राशि बोकारो जिला के कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालयों के अंशकालीन शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को भी भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यों.	

18/12/15
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक–13/व.2–54/2015...3107... राँची, दिनांक– 19/12/2015

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक 2763, दिनांक 10.12.2015 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15
सरकार के उप सचिव।

(32)

श्री फूलचन्द मण्डल, स0वि0स0 द्वारा दिनांक 22–12–2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न संख्या ता0– ख० 01

क्या मंत्री खान एवं भूतत्व विभाग
यह बतलाने की कृपा करेंगे कि — मंत्री

01	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम (JSMDC) के राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक–08.09.2015 को अपराह्न 04.00 बजे निर्धारित की गई थी;	उत्तर स्वीकारात्मक है।
02	क्या यह बात सही है कि उक्त निर्धारित तिथि को आहूत बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था तथा बैठक स्थगित होने की तिथि से तीन माह बीतने के पश्चात भी बैठक को बार–बार टाला जा रहा है;	उक्त बैठक दिनांक 10.12.2015 को आहूत हो चुकी है।
03	क्या यह बात सही है कि JSMDC के राज्य स्तरीय समिति की बैठक आहूत न होने से राज्य के विभिन्न जिलों में लघु उद्योग केन्द्रों का विस्तारीकरण प्रभावित हो रहा है;	JSMDC को भविष्य में नियमित रूप से बैठक करने का निदेश दिया गया है।
03	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब JSMDC के राज्य स्तरीय समिति की बैठक आहूत कर लंबित लघु एवं मध्यम इकाईयों को खनन पट्टा मुहैया कराने की मंशा रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	उपरोक्त कण्डिका में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग

ज्ञापांक वि0स0(ता0)–63 / 15.1882एम0 दिनांक 18.12.15

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को 200 प्रतियों के साथ उनके ज्ञाप सं0 प्र० 2958 दिनांक 14–12–15 के प्रसंग में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.12.15
सरकार के उप सचिव

(33)

श्री कुणाल षडंगी, मा0स0वि0स0 द्वारा दिनांक-22.12.2015 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या उ0स0-01 उत

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बहडागोड़ा में एक महिला कॉलेज का स्थापना की स्वीकृति पूर्ववर्ती सरकार के समय से हुई है?	उत्तर अस्वीकारात्मक है। बहडागोड़ा में महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु इससे संबंधित कोई स्वीकृत्यादेश निर्गत नहीं है।
2.	क्या यह बात सही है कि इसके लिए आवश्यक जमीन भी उपलब्ध है?	अस्वीकारात्मक
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्त्तमान सत्र में ही बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खोलने की कार्रवाई करेगी, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	संकल्प संख्या 2010 दिनांक 12.10.2015 द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में 11 जिलों में महिला महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्राप्त है, जिसके आलोक में कोल्हान विश्वविद्यालय अंतर्गत सरायकेला खरसॉवा में महिला महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

झारखण्ड सरकार
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 5/वि2-104/2015 2436 रांची दिनांक-21/12/2015

प्रतिलिपि-अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2937 दिनांक-14.12.2015 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/12/2015

अवर सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
झारखण्ड, राँची।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्रीमती गीता कोड़ा, स.वि.स. से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-उत 05

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि जिला पश्चिम सिंहभूम प्रखण्ड जगन्नाथपुर में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय भवन पिछले सात वर्षों से निर्माणाधीन है ?	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय भवन निर्माण मद में वित्तीय वर्ष 2008-09 में विभाग द्वारा ठेकेदार को 60 प्रतिशत राशि का भुगतान किया गया है और भवन का अब तक आधा भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है ?	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। विद्यालय भवन निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि 2 करोड़ 64 लाख 5 सौ 32 रूपये के विरूद्ध कुल 79 लाख 81 हजार 5 सौ 81 रूपये का भुगतान किये गये कार्य के विरुद्ध किया गया है, जो प्राक्कलित राशि का 30 प्रतिशत है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जगनाथपुर प्रखण्ड के निर्माणाधीन भवन को पूरा करने का विचार रखने के साथ दोषियों पर कार्रवाई करना चाहती है हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	संवेदक द्वारा भवन निर्माण कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण निर्माण कार्य की अद्यतन मापी कराते हुए संवेदक के एकरारनामा को विखण्डित करने की कार्रवाई की जा रही है, जिसके लिए संवेदक को अंतिम स्मार-पत्र निर्गत किया गया है। एकरारनामा विखण्डन के उपरांत भवन निर्माण का कार्य कस्तूरबा गांधी भवन निर्माण समिति, जगन्नाथपुर के माध्यम से शेष कार्य को पूर्ण कराने का प्रस्ताव है। एकरारनामा विखण्डन के पश्चात् निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

21/12/15

सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक- 13/व.2-67/2015.....3123, रॉंची, दिनांक- 21/12/2015

प्रतिलिपि :- अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक 2939, दिनांक 14.12.2015 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/12/15

सरकार के उप सचिव।

(35)

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री जानकी प्रसाद यादव, माननीय स०वि०स० के प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-शि०-11

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य के हजारीबाग जिले में पिछड़े वर्गों की संख्या के अनुरूप टेट पास पारा शिक्षकों की बहाली नहीं हो सकी है, जिससे अभ्यर्थियों में रोष है?	अस्वीकारात्मक। उपायुक्त, हजारीबाग के पत्रांक 167, दिनांक 21.07.15 द्वारा सूचित किया गया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जिला आरक्षण रोस्टर तथा बैकलॉग को तहत् रिक्त पदों की गणना कर शिक्षक नियुक्ति हेतु कोटिवार रिक्ति निर्धारित की गई है। प्राथमिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली, 2012 (यथा संशोधित) के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी उन सभी जिले में नियुक्ति हेतु आवेदन दे सकते हैं, जिन जिलों में उनके द्वारा पात्रता परीक्षा में रखी गई क्षेत्रीय/जनजातीय भाषा मान्य है।
2.	यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार विशेष परिस्थिति में हजारीबाग जिले में टेट पास पिछड़े वर्गों के पारा शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बनाना चाहती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	प्राथमिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली, 2012 के अनुसार ही नियुक्ति की जा सकती है। अतएव हजारीबाग जिले में टेट पास पिछड़े वर्गों के पारा शिक्षकों को सरकारी शिक्षक बनाने का सरकार का कोई विचार नहीं है।

21/12/15
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-13/व.2-56/2015-3118 राँची, दिनांक 21/12/2015

प्रतिलिपि - अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2948, दिनांक-14.12.15 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/12/15
सरकार के उप सचिव।

36

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री अरूप चटर्जी, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-शि०-09

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2007-08 से लेकर 2011-12 तक के वर्षो में सरकारी विद्यालय के बच्चों को विलम्ब से उपलब्ध कराये गये पाठ्य-पुस्तकों के विक्रेताओं से विलम्ब दण्ड के रूप में उनके विपत्रों से राशि की कटौती की गई,	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में विगत वर्षों के सभी विलम्ब दण्डों को अनियमित रूप से माफ करते हुए पाठ्य-पुस्तक विक्रेताओं को 08 करोड़ रूपये का भुगतान उस समय के विभागीय प्रधान सचिव के द्वारा किया गया है,	वस्तुस्थिति यह है कि पाठ्य-पुस्तक के आपूर्तिकर्ताओं पर लगाये गये विलंब दंड में से रू. 7.92 करोड़ का भुगतान किया गया है।
3.	क्या यह बात सही है कि इस भुगतान के लिए मुख्य सचिव-सह-सदस्य राज्य शिक्षा परियोजना की अनुमति नहीं ली गयी थी,	स्वीकारात्मक।
4.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अनियमित भुगतान की जाँच केन्द्रीय अन्वेषण से उच्च स्तरीय समिति से कराना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा मामले की जांच की गई है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-13/व.2-58/2015...3106../ राँची, दिनांक......19/12/2015

प्रतिलिपि - अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2947, दिनांक-14.12.15 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

37

श्री जय प्रकाश भाई पटेल माननीय स0वि0स0 द्वारा अधिवेशन में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–टन– 03 का उत्तर:–

प्रश्नकर्ता	उत्तर दाता
श्री जय प्रकाश भाई पटेल, माननीय सदस्य विधान सभा	श्री अमर कुमार बाउरी माननीय मंत्री पर्यटन,कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची।

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा बार–बार यह घोषणा की जाती है कि झारखण्ड के प्रत्येक प्रखण्ड में स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा।;	स्वीकारात्मक ।
2.	क्या यह बात सही है कि झारखण्ड के अधिकतर प्रखण्डों में अभी भी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है।;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक ।
3	यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार झारखण्ड के शेष बचे हुए सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तर पर स्टेडियम बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	सभी विधान सभा क्षेत्रों में एक–एक स्टेडियम निर्माण पर राज्य सरकार द्वारा सहमति है। जिस क्रम में झरिया विधान सभा क्षेत्र को छोड़कर सभी विधान सभा क्षेत्र में एक–एक स्टेडियम निर्माण का स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष बचे हुए सभी प्रखण्डों में भी स्टेडियम निर्माण हेतु विभाग/सरकार द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जिस क्रम में इस वित्तीय वर्ष 2015–16 में राज्य के अन्य 17 प्रखण्डों में भी कुल 17 प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति प्रक्रिया लगभग अन्तिम चरण में है। राजीव गांधी खेल अभियान के अन्तर्गत भी सभी प्रखण्ड में एक–एक Integrated Sports Complex निर्माण का प्रस्ताव है।

झारखण्ड सरकार
पर्यटन,कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

ज्ञापांक : 1/ विधायी – 08 – 51/2015/क॰ 1020 / राँची, दिनांक 21/12/2015

प्रतिलिपि: अवर सचिव झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप सं0 2952 दिनांक 14.12.2015 के प्रसंग में 250 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं सदन पर रखने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/12/15

सरकार के अवर सचिव
पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

(35)

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या- शि0-08

क्र0	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 500 निजी प्राथमिक से लेकर प्लस टू विद्यालय बिना सरकारी आदेश व बिना अहर्ता एवं मापदण्ड के मनमानी तरीके से संचालित है;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानान्तर्गत ऐसे विद्यालय, जिनमें कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, को अधिनियम लागू होने के तिथि अर्थात 01.04.10 से तीन वर्षों के भीतर मान्यता प्राप्त कर लेना था।
2.	क्या यह बात सही है कि खण्ड 01 में वर्णित विद्यालयों के संचालन हेतु विद्यालय प्रबंधकों को अनिवार्य रूप से विद्यालयों का पंजीयन एक निर्धारित समय सीमा के अन्दर करा लेने का आदेश पारित होने के बावजूद अधिकांश विद्यालय प्रबंधक सरकार के आदेश का उल्लंघन कर विभागीय पदाधिकारियों की मिली भगत से विद्यालयों का संचालन कर रहें हैं, जिससे सरकार को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व की क्षति होने के साथ-साथ अविभावकों से बच्चों के नामांकन व ट्यूशन फी की वसूली मनमानी रूप से की जा रही है;	अस्वीकारात्मक है। यह सही है कि कई विद्यालयों ने अबतक उक्त अधिनियम के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त नहीं किया है, किन्तु ऐसे विद्यालयों से राज्य सरकार को कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है।

3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या राज्य सरकार राज्यहित व जनहित में राज्य में अवैध रूप से संचालित खण्ड-01 में वर्णित सभी विद्यालयों को चिन्हित कर एक माह के अन्दर सभी विद्यालय प्रबंधकों पर नियमानुकूल कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब नहीं तो क्यों?	विभागीय पत्रांक 2530, दिनांक 28.10.15 द्वारा बगैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को चिन्हित करते हुए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 में निहित प्रावधान के आलोक में कार्रवाई करने का निदेश सभी उपायुक्तों को दिया गया है।

18/12/15

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक- 12/अ-2-13/15 — 3112 राँची, दिनांक- 19.12.2015,

प्रतिलिपिः- अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0-2945 दिनांक- 14.12.2015 के आलोक में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15

सरकार के उप सचिव

श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स०वि०स० द्वारा दिनांक 22.12.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या टन–08 का प्रश्नोत्तर :

	प्रश्न		उत्तर
	क्या मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–		मा० मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, राँची।
1.	क्या यह बात सही है कि पलामू जिला में अनेक धार्मिक, सुप्रसिद्ध, दार्शनिक स्थल है, जिन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है;	1.	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखण्ड स्थित दंगवार का सूर्य मंदिर, मोहम्मदगंज प्रखण्ड स्थित भीमचुल्हा, हैदरनगर प्रखण्ड के कबरा गाँव स्थित पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त बौद्ध कालीन अवशेष, हरिहरगंज प्रखण्ड के आररूआ पंचायत स्थित पहाडी शिव मंदिर तथा गेरूआधाम जो पिपरा प्रखण्ड में अवस्थित है, को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है;	2.	आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन स्थलों में से पलामू जिलान्तर्गत पीपरा प्रखण्ड के गेरूआ पहाड के पर्यटकीय विकास हेतु सरकारी आश्वासन संख्या–166/02 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2011–12 में उपायुक्त, पलामू को रू० 10,00,000.00 (दस लाख रूपये) मात्र आवंटित किया गया है।
3.	यदि उपरोक्त खण्डों की उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड–2 में वर्णित स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों ?	3.	पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संकल्प संख्या–1494, दिनांक–26.08.2015 के द्वारा राज्य के पर्यटन स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करने के प्रावधान सहित राज्य के पर्यटन स्थलों के वर्गीकरण के साथ पर्यटन स्थलों के विकास कार्य (नई योजनाएँ) हेतु प्राथमिकता क्रम का निर्धारण राज्य स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति तथा जिला स्तर पर जिलास्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति द्वारा होना है। अतएव प्रश्नाधीन स्थलों के संबंध में जिलास्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति से अनुशंसा एवं प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही अग्रेतर समुचित कारेवाई संभव है।

झारखण्ड सरकार
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,
(पर्यटन प्रभाग)

ज्ञापांक–पर्यटन/वि०स०/69/2015 2070 /राँची, दिनांक 21/12/15 /

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप संख्या–2961/वि०स०, दिनांक–14/12/2015 के प्रसंग में 200 (दो सौ) प्रतियाँ सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग,

(40)

3349
18/12/2015

श्री दशरथ भागराई, मा०स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या -शि०-05

क्या माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय पुरनिया (प्रखण्ड खुटपानी, पश्चिमी सिंहभूम) के भवन सुदृढ़िकरण हेतु 33.15 लाख की राशि उपलब्ध करायी गयी है।	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2	क्या यह बात सही है कि उक्त राशि का उपयोग सुदृढ़िकरण कार्य में अब तक नही हो पाया है।	झारखण्ड माध्यमिक शिक्षा परियोजना परिषद् के पत्रांक 562 दिनांक 17.12.2015 एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, प0 सिंहभूम के पत्रांक 1464 दिनांक 16.12.2015 द्वारा प्राप्त करायी गयी सूचना के अनुसार प्रश्नाधीन विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु 5 बार निविदा प्रकाशित की गयी। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण कार्यादेश नहीं दिया जा सका। उसके पश्चात् 4 बार आमंत्रित निविदाओं में एक भी संवेदक के द्वारा निविदा नहीं डाली गयी। इस कारण से कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त राशि का उपयोग विद्यालय भवन के सुदृढ़िकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा परियोजना परिषद् को निदेशित किया गया है कि एक माह के अन्दर इस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय तथा विद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्रवाई प्रारम्भ की जाय।

18/12
सरकार के उप सचिव।

झारखंड-सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-7/स.1वि.(i)-152/2015 3349 दिनांक 18/12/2015

प्रतिलिपिः- अवर सचिव, झारखंड विधानसभा सचिवालय, रांची को अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12
सरकार के उप सचिव।

41

श्री राजकुमार यादव, मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक-22.12.2015 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या उ०त०-04

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के धनवार विधान सभा अन्तर्गत छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिला कॉलेज की स्थापना अबतक नहीं किया गया है?	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र की गरीब छात्राऐं आर्थिक आभाव व महिला कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं?	उत्तर अस्वीकारात्मक है। आदर्श महाविद्यालय, राजधनवार में सह-शिक्षा की व्यवस्था है, जिसमें छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस क्षेत्र के छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु गाँवों एवं प्रखण्डों में महिला कॉलेज खोलने का विचार रखती है हां तो कब तक नहीं तो क्यों?	सरकार के संकल्प संख्या-2010 दिनांक-12.10.2015 के द्वारा राज्य के सभी जिलों में महिला महाविद्यालय की व्यवस्था का निर्णय किया गया है। जिन 11 जिलों में महिला महाविद्यालय नहीं है, वहाँ महिला महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

झारखण्ड सरकार
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 5/वि2-106/2015 2457 रांची दिनांक- 21/12/15

प्रतिलिपिः-अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2938 दिनांक-14.12.2015 के प्रसंग में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/12/2015

अवर सचिव,
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
झारखण्ड, राँची।

42

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री संजीव सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-शि०-12

क्र0	प्रश्न	उत्तर
1	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि सरकार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक एंव आधुनिकतम् पाठ्यक्रम लाने की योजना बना रही है, जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य निर्माण में सहयोग हो सके,	स्वीकारात्मक
2.	क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में कम्प्यूटर एवं व्यवसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है ,	वस्तुस्थिति यह है कि प्रारंभिक विद्यालय में कम्प्यूटर आधारित शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही, राज्य के उच्च एवं +2 विद्यालयों में कम्प्यूटर एवं व्यवसायिक शिक्षा के पठन-पाठन हेतु कार्रवाई की जा रही है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित विद्यालयों को उसके अनुरूप विकसित करने का विचार रखती है, हाँ तो, कबतक, नहीं तो क्यों ?	राज्य के सभी विद्यालयों में गुणवत्त शिक्षा हेतु राज्य सरकार संकल्पित है।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-13/व.2-61/2015...3111.../ रॉंची, दिनांक...19/...12.../2015

प्रतिलिपि- अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, रॉंची को उनके ज्ञापांक-2970, दिनांक-22.12.15 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15

सरकार के उप सचिव।

(43)

श्री ताला मरांडी, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–22.12.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–वन–02 का प्रश्नोत्तर

प्रश्न	उत्तर
1. क्या यह बात सही है कि राजमहल, झारखण्ड का एक महत्वपूर्ण पर्यटन एवं वन क्षेत्र है;	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि राजमहल क्षेत्र में स्थित कोलियरियों द्वारा साहेबगंज स्थित वैध–अवैध क्रशर पलांटों द्वारा प्रदूषण फैलाने से भारी पर्यावरण दूषित हो रही है;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। राजमहल क्षेत्र में दो कोलियरियाँ स्थित है। जिन्हें सी0टी0ओ0 निर्गत है। साहेबगंज जिलें में कुल 227 स्टोन क्रशर इकाईयों को सी0टी0ई0/सी0टी0ओ0 शर्तों को अनुपालन करने के पश्चात् सी0टी0ओ0 प्रदान किया गया है।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निषेधात्मक और वायु प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नही तो क्यों?	साहेबगंज जिला में अवस्थित 66 स्टोन क्रशर इकाईयों को प्रदूषण नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था नहीं किये जाने के फलस्वरूप कारण पृच्छा की गई है। अवैध क्रशरों एवं खदानों के विरूद्ध पर्षद द्वारा साहेबगंज जिला में कुल 11 मुकदमे व्यवहार न्यायालय में किए गए हैं। अवैध क्रशर के विरूद्ध जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जाती है।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक– 5/विधानसभा तारांकित प्रश्न–74/2015– 6423 व0प0, राँची, दिनांक–21.12.2015

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखंड विधानसभा, रांची को उनके ज्ञाप सं0–2956 दिनांक–14.12.15 के -प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखंड, रांची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखंड सरकार/मुख्य सचिव के सचिव, झारखण्ड सरकार, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

श्री साधुचरण महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–22.12.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–वन–03 का प्रश्नोत्तर

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>1. क्या यह बात सही है कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रति वर्ष हाथियों के उत्पात के कारण कई लोगों की जाने जानती है, किसानों के लाखों के फसल नष्ट होते हैं एवं कई लोगो के मकान ध्वस्त होते हैं;</td><td>स्वीकारात्मक।</td></tr>
<tr><td>2. क्या यह बात सही है कि हाथियों से प्रभावित व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा देने में विभाग की ओर से काफी देरी एवं कागजी प्रक्रिया के बहाने परेशान किया जाता है, जिससे प्रभावित व्यक्ति जरूरत के समय असहाय महसूस करते हैं;</td><td>अस्वीकारात्मक।
सरायकेला वन प्रमण्डल अन्तर्गत जंगली जानवरो द्वारा वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में किये गये क्षति/मुआवजा भुगतान निम्नवत् है।
<table>
<tr><th>वर्ष</th><th colspan="2">जंगली जानवरों द्वारा मारे गए व्यक्ति की संख्या तथा भुगतेय मुआवजा राशि</th><th colspan="2">जंगली जानवरों द्वारा घायल किये गये हाथी की संख्या तथा भुगतेय मुआवजा राशि</th><th colspan="2">जंगली जानवरों द्वारा किये गये फसल/अनाज क्षति के रूप में भुगतेय मुआवजा राशि</th><th colspan="2">जंगली जानवरों द्वारा तोड़े गये मकान की संख्या–भुगतेय मुआवजा राशि</th><th>कुल</th></tr>
<tr><td></td><td>संख्या</td><td>राशि</td><td>संख्या</td><td>राशि</td><td>है०/क्वींटल</td><td>राशि</td><td>संख्या</td><td>राशि</td><td></td></tr>
<tr><td>2014–15</td><td>5</td><td>1112500</td><td>11</td><td>96500</td><td>425.633
351.81</td><td>1276901
263599</td><td>115</td><td>462000</td><td>3211500</td></tr>
<tr><td>2015–16</td><td>4</td><td>1000000</td><td>5</td><td>27000</td><td>54.58
119.9</td><td>389890
74230</td><td>37</td><td>225760</td><td>1718900</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में हाथियों के आने–जाने का रास्ता को घेरकर एवं हाथियों के निवास स्थान का घेराबन्दी कर ईचागढ़ विधान सभा को हाथी जोन घोषित कर हाथियों से प्रभावितों को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा भुगतान तत्काल या ससमय कर हाथियों के आतंक से बचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?</td><td>सिंहभूम गज आरक्ष घोषित है एवं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र उसका भाग है। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का आवागमन एवं विचरण सालों भर रहता है। इस क्षेत्र में जंगली हाथियों के सहवास, प्रजनन, बच्चों के जन्म की सूचनाएँ प्राप्त होती रहती है। मानव एवं हाथियों के द्वंद्व को कम करने हेतु 40 समितियों का गठन किया गया है। इन्हें वन विभाग द्वारा मशाल हेतु जलामोबिल, जूट बोरा, तार ईत्यादि के साथ–साथ पटाखों तथा किरासन तेल का वितरण किया जाता है। साथ ही इस कार्य हेतु हाथी निरोधक दस्ता का भी गठन किया गया है, जो सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करता है। इसके अतिरिक्त जंगलों में पारिस्थितिकी विकास हेतु गज परियोजना के तहत वन क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का निर्माण एवं विभिन्न अन्य योजनाओं के तहत वृक्षारोपण योजनाओं का कार्यान्वित किया गया है, ताकि अधिकतर वनों में ही सीमित रहें।
ग्रामीणों को जंगली हाथियों से सुरक्षा प्रदान करने हेतु अतिसंवेदनशील गाँव में सोलरस्ट्रीट लेम्प्स लगाने की कार्रवाई की जा रही है। हाथी निरोधक दस्तों में सोलर ड्रेगन टॉर्च भी वितरित किये गये है।</td></tr>
</table>

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–5/विधानसभा तारांकित प्रश्न–75./2015– 6404 व0प0, राँची, दिनांक– 21/12/2015

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखंड विधानसभा, रांची को उनके ज्ञाप सं0–2988 दिनांक–14.12.15 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखंड, रांची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखंड सरकार/मुख्य सचिव के सचिव, झारखण्ड सरकार, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21/12/15

(सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

45

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

श्री आलमगीर आलम, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-शि०-10

क्र०	प्रश्न	उत्तर
	क्या मंत्री, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-	डॉ० नीरा यादव, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार
1.	क्या यह बात सही है कि पारा शिक्षकों के वर्त्तमान मानदेय में 25 प्रतिशत की वृद्धि दिनांक-01.04.2015 के प्रभाव से किये जाने का निर्णय दिनांक-26.08.2015 को लिया गया, जो अबतक लंबित है,	स्वीकारात्मक।
2.	क्या यह बात सही है कि पारा शिक्षकों को वर्ष 2015 में वर्त्तमान में देय मानदेय पर प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि भारत सरकार की सहमति से देय होगी,	स्वीकारात्मक।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पारा शिक्षकों के वर्त्तमान मानदेय में दिनांक-01.04.2015 के प्रभाव से 25 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का विचार रखती है, हॉ तो, कबतक, नहीं तो क्यो ?	इस संदर्भ में विधिवत् प्रस्ताव का गठन कर भारत सरकार से रू. 171.82 करोड़ की मांग की गई है, जो अबतक अप्राप्त है। भारत सरकार से राशि प्राप्त होने के उपरांत बढ़े हुए दर से मानदेय का भुगतान किया जा सकेगा।

18/12/15
सरकार के उप सचिव।

झारखण्ड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ज्ञापांक-13/व.2-57/2015:...3102.../राँची, दिनांक.........19/12/2015

प्रतिलिपि- अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची को उनके ज्ञापांक-2946, दिनांक-14.12.15 के प्रसंग में वांछित प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/12/15
सरकार के उप सचिव।

(47)

श्री शिव शंकर उराँव, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–22.12.2015 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–उ0–01 की उत्तर सामग्री :–

<table>
<tr><th>क्र०</th><th>प्रश्न</th><th>उत्तर सामग्री</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td></tr>
<tr><td>1</td><td>क्या यह बात सही है कि झारखण्ड राज्य गठन के बाद, राज्य में औद्योगिक विकास और औद्योगिकीकरण के नाम पर बड़े–बड़े औद्योगिक घरानों एवं इकाईयों से ही MOU हुए लेकिन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना तुलनात्मक रूप से नगण्य है;</td><td>अस्वीकारात्मक है।
वस्तुस्थिति यह है कि राज्य गठन के पश्चात् मेगा प्रक्षेत्र में 79 इकाईयों के साथ किये गए MOU के विरूद्ध 19 हस्ताक्षरित कंपनियों द्वारा उत्पादन प्रारम्भ किया गया है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>क्या यह बात सही है कि बड़े औद्योगिक इकाईयों की कीमत पर मध्यम एवं छोटे उद्योगो की स्थापना पर सरकार का विशेष रूझान नहीं रहा। जिसके कारण राज्य में मध्यम एवं छोटे उद्योगपतियों के मन में भय का वातावरण है और वे उद्योग स्थापना के हिम्मत जुटा नहीं पा रहे हैं। परिणामतः ऐसे उद्योगों की स्थापना नहीं होने से राज्य के अधिसंख्य बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिल रही है और युवा पिढ़ी भटकाव की दिशा में अग्रसित हो रही है;</td><td>अस्वीकारात्मक है।
वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सृजन के बाद मध्यम, वृहत एवं छोटे तथा मेगा उद्योगों को प्रोत्साहित करने निमित झारखण्ड औद्योगिक नीति–2001 लागू की गयी।
2. राज्य स्थापना के बाद विभिन्न श्रेणी के अधिस्थापित उद्योगो की स्थिति निम्नवत है–
<table>
<tr><th>क्र०</th><th>इकाई के श्रेणी</th><th>संख्या</th><th>पूंजीनिवेश (लाख में)</th><th>नियोजन</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>मेगा</td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>1.</td><td>एम0ओ0यू0 इकाई</td><td>19</td><td>3,36,292.00</td><td>9611</td></tr>
<tr><td></td><td>नन एम0ओ0यू0 इकाई</td><td>24</td><td>54,12,023.00</td><td>7500</td></tr>
<tr><td></td><td>कुल मेगा इकाई</td><td>43</td><td>57,48,315.00</td><td>17,111</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>वृहत</td><td>123</td><td>87,6574.00</td><td>10,508</td></tr>
